# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## फोटो स्टेट कार्य हेतु निविदा सूचना

क्रमांक : मा.शि.बो./सम्पदा/2019/08 दिनांक : 28.03.2019

बोर्ड परिसर में फोटो स्टेट मशीन लगाकर कागज सहित फोटो कॉपी के कार्य हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाऐं निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 15.04.2019 अपरान्ह 3.00 बजे तक बोर्ड की पूछताछ शाखा में जमा कराई जानी हैं। प्राप्त निविदाए 16.04.2019 को प्रातः 11.00 बजे समिति द्वारा खोली जावेंगी। निविदा प्रपत्र कार्य दिवस में रू. 200/– जमा करा कर अथवा **sppp.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते हैं। भरी हुई निविदा के साथ रू. 5000/– नकद/डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा धरोहर के रूप में जमा कराया जाना आवश्यक है। अनुमानित कार्य राशि 2.50 लाख रूपये है। विस्तृत नियम/शर्तें निविदा प्रपत्र में देखें।

सचिव

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## निविदा प्रपत्र

निविदा संख्याः मा0 शि0 बो0 / सम्पदा / 2019 / 08 दिनांक : 28.03.2019

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान,
अजमेर।

निविदा शुल्क – रू. 200/–

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय – 15.04.2019 को 01.00 PM तक
निविदा जमा कराने की अंतिम दिनांक व समय – 15.04.2019 को 03.00 PM तक
निविदा खोलने की दिनांक व समय – 16.04.2019 को 11.00 PM

1. फोटो स्टेट मशीन लगाकर कागज सहित फोटो स्टेट कार्य कराने की निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम तथा पूर्ण पता ........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
फोन न0 ऑफिस.......................................निवास.......................................मोबाईल न0.......................................
फैक्स न0.......................................ई–मेल.......................................

2. अधिकृत व्यक्ति जिससे सम्पर्क किया जा सके :–
नाम.......................................पद.......................................
मोबाईल.......................................ई–मेल.......................................

3. पेन नं.......................................बैंक व शाखा का नाम .......................................
खाता संख्या....................................... IFSC Code No.: .......................................

4. निविदा शुल्क की राशि सचिव, मा.शि.बोर्ड राज., अजमेर के नाम रू. 200/– (अक्षरे रू. दो सौ मात्र) नकद रसीद संख्या .......................................दिनांक.......................................द्वारा जमा करा दिया गया है।

5. धरोहर राशि सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर के पक्ष में रू. 5000/– (अक्षरे रूपये पांच हजार मात्र) ड्राफ्ट/रसीद संख्या ....................................... दिनांक ....................................... द्वारा जमा करा दी है। संलग्न है।

6. निविदा सूचना संख्या मा0 शि0 बो0/सम्पदा/2019/08 दिनांक 28.09.2019 जो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा जारी की गई है, में वर्णित समस्त शर्तों का पालन करने के लिए हम सहमत हैं तथा उक्त निविदा सूचना की अन्य शर्तें जो संलग्न प्रपत्र में दी गई हैं (जिसके समस्त पृष्ठों पर उनमें वर्णित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किए जाने के प्रतिस्वरूप, हमने हस्ताक्षर कर दिए हैं।) का भी पालन करने के लिए हम सहमत हैं।

7. श्रम विभाग द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं PAN नम्बर की फोटो स्वप्रमाणित प्रति संलग्न है।

8. निर्धारित प्रपत्र Annexure-B भरकर एवं हस्ताक्षर मय सील कर संलग्न कर दिया गया है।

9. निविदा में दी गई दरें निविदा प्रस्तुत करने की तारीख से 3 माह तक वैध रहेंगी। सफल निविदादाता की स्वीकृत दरें करार की दिनांक से 01 वर्ष की अवधि के लिये मान्य होंगी।

10. G.S.T पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न है।

हस्ताक्षर निविदाकार मय सील

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## ठेके की शर्तें

**नोट :–** (1) निविदादाता को निविदा प्रपत्र भरने से पूर्व निम्न शर्तों व नियमों को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए।
(2) अनुमानित 20,000 से 25,000/– फोटो प्रतियाँ प्रतिमाह होना अनुमानित है। कार्य/आवश्यकता आदि के कारण इसमें कमी/वृद्धि हो सकती है।

### 1. निविदा भरना –

1. निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार यथोचित रूप से मुहरबंद लिफाफे में बंद करके भेजे जाने चाहिये।
2. भरी हुई निविदा अंतिम तिथि को निर्धारित समय तक कार्यालय की पूछताछ शाखा पर जमा करवानी होगी।
3. निविदा स्याही से भरी जानी चाहिए (पेंसिल अथवा अन्य किसी से नहीं) भरी गई बोली में उपरीलेखन/कटिंग नहीं किया जाना चाहिए।
4. निविदादाता को निविदा की शर्तों और प्रविष्टियों की स्वीकृति के प्रतीक स्वरूप निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ के अन्त में हस्ताक्षर करने होंगे।
5. निर्धारित दिनांक व समय के पश्चात् प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

### 2. कार्य सम्पादन बाबत् निर्देश

1. मशीनें प्रातः 9.00 बजे से सांयकाल 7.00 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस को कार्यरत रहेंगी। आवश्यकता होने पर उक्त समयावधि को बढ़ाया भी जा सकेगा। अवकाश के दिन एक या इससे अधिक स्थान पर फोटो स्टेट कार्य हो सकेगा। प्रतिदिन कार्यालय समय के बाद फोटो कक्ष की चाबी **सम्पदा शाखा/सुरक्षाकर्मी** को जमा करानी होगी।
2. फर्म द्वारा पेपर, टोनर, मशीन एवं ऑपरेटर आदि स्वयं को लाना होगा। बोर्ड द्वारा केवल बैठने के लिए स्थान, बिजली कनेक्शन एवं फर्नीचर उपलब्ध कराया जावेगा।
3. फोटो स्टेट कार्य हेतु 70 जीएसएम ए ग्रेड मील (यथा जिरोक्स, जेके टीएनपीएल) का पेपर ही प्रयोग में लिया जावेगा। इससे हल्का पेपर प्रयोग में नहीं लिया जावेगा। यदि हल्का पेपर प्रयोग पाया गया तो सम्पूर्ण बिलों में से रूपये 0.25 प्रति कॉपी के दर से शास्ति उस माह के बिलों से काट ली जावेगी।
4. अनुभाग अधिकारी/सहायक निदेशक या समकक्ष स्तर के अधिकारी के हस्ताक्षर से जो कार्यादेश प्राप्त होंगे उस के अनुरूप ही मशीनमैन द्वारा प्रतियॉ की जावेंगी।
5. फर्म बोर्ड द्वारा निर्धारित स्थानों पर फोटो स्टेट की व्यवस्था लगातार बनाये रखेगी एवं कार्य की आवश्यकतानुसार मशीनें रखेगी। मशीनें खराब होने की स्थिति में उसी दिन ठीक करानी होगी या नई मशीन लगानी होगी। इससे अधिक समय तक मशीन खराब रहने पर रूपये 200/– (अक्षरे रूपये दो सौ मात्र) प्रतिदिन प्रति स्थान से शास्ति लगाई जाकर उस माह के बिल से वसूल करली जावेगी।
6. सुचारू व्यवस्था हेतु उप सचिव अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति/अधिकारी द्वारा समय–समय पर निरीक्षण किया जावेगा।
7. सांयकाल 5 बजे तक प्राप्त पत्रों की फोटो प्रतियॉ उसी दिन करके देनी होगी। अत्यावश्यक मामलों में तुरन्त फोटो स्टेट करके देनी होगी, इसमें देरी होने पर रूपये 0.25 प्रति कॉपी शास्ति लगाई जा सकेगी।
8. फोटो स्टेट प्रिंट मूल प्रति के समान एवं साफ व स्पष्ट होना चाहिए खराब या काला अथवा अपठनीय प्रिंट की स्थिति में बिना अतिरिक्त चार्ज के दोबारा प्रतियाँ निकाल कर देनी होगी।
9. कार्य की मात्रा अनुमानित है, इसमें आवश्यकतानुसार कमी/वृद्धि की जा सकेगी।
10. ठेके के तहत् कार्य कराने के लिए संवेदक द्वारा नियोजित किए जाने वाले कर्मकार की किसी भी प्रकार से बोर्ड के लिए देयता (Liability) नहीं होगी।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

11. संवेदक के कर्मकारों द्वारा यदि बोर्ड की सम्पति को कोई क्षति पहुंचाई जाती है तो उसकी क्षतिपूर्ति ठेकेदार द्वारा की जावेगी।
12. सक्षम अधिकारी संबंधित विभाग के अनुभाग अधिकारी/सहायक निदेशक अथवा उच्च अधिकारी के लिखित आदेश पत्र पर फोटो प्रतियाँ की जावेंगी। आदेश पत्र फर्म को स्वयं के स्तर तथा व्यय पर मुद्रित/फोटो कॉपी कर सभी अधिकारियों को डायरी के रूप में उपलब्ध कराने होंगे।
13. नियुक्त ऑपरेटर की समस्त प्रकार की जिम्मेदारी फर्म की होगी एवं फर्म द्वारा अधिकृत रूप से परिचय पत्र जारी किया जाकर उसकी लिखित सूचना कार्यालय को देनी होगी।
14. फोटो स्टेट कार्य समय पर या सहीं न करने पर यह कार्य खुले बाजार से कराया जा सकेगा, जिसमें लगने वाली अतिरिक्त राशि ठेकेदार के बिल में से काटी जाऐगी।

## 3. धरोहर राशि

1. निविदा के साथ रू. 5000/— (अक्षरे रूपये पांच हजार मात्र) धरोहर राशि नकद/डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा जमा कराये जाने आवश्यक हैं। इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. निविदा स्वीकृति पश्चात
   (i) असफल निविदादाताओं को धरोहर राशि लौटा दी जावेगी।
   (ii) सफल निविदादाता की धरोहर राशि का समायोजन प्रतिभूति राशि में किया जावेगा।
3. धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

## 4. दर, कर एवं प्रभार

1. निविदा प्रारूप स्याही से भरा जाएगा या टंकित किया जायेगा। पेंसिल से भरी गई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदादाता निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर मय मुहर करेगा तथा अन्त में निविदा के समस्त निबंधनों एवं शर्तों को स्वीकार के प्रमाण में हस्ताक्षर करेगा।
2. दर शब्दों एवं अंकों दोनों में लिखी जाएगी। इसमें कोई त्रुटियॉ या उपरिलेखन नहीं होना चाहिए। यदि कोई शुद्धियॉ करनी हों तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिए एवं उन पर दिनांक सहित लघुहस्ताक्षर किए जाने चाहिए। अंको व शब्दों में लिखी दरों में अंतर की स्थिति में शब्दों में अंकित दर पर विचार किया जावेगा।
3. दरें समस्त प्रकार के देय करों व प्रभारों को सम्मिलित करके दी जानी हैं।

## 5. दरों की वैधता

1. बोली प्रपत्र में दी गई दर बोली खुलने की दिनांक से 90 दिवस तक लिए मान्य होगी।
2. स्वीकृत दर करार की दिनांक से एक वर्ष के लिए वैध होगी तथा आपसी सहमति से इन दरों को एक और वर्ष की अवधि तक के लिए मान्य किया जा सकेगा।

## 6. भुगतान प्रक्रिया

1. फर्म को मासिक भुगतान दो प्रतियों में बिल प्रस्तुत करने पर किया जावेगा। बिल के साथ आदेश पत्र (स्लिपें) संलग्न करनी होगी।
2. फोटो कॉपी किये जाने वाले पत्र के लिऐ फोटो पेपर कॉपी निकाली जावेगी। भुगतान फोटो प्रति साईज के आधार पर निर्धारित दर से ही किया जावेगा।
1. भुगतान में से नियमानुसार स्त्रोत पर आयकर (TDS) की कटौती की जावेगी तथा इसका प्रमाण पत्र (प्रपत्र 16A) जारी किया जावेगा।
2. बिल की जाचं एवं आवश्यक कटौतियों पश्चात् देय राशि का भुगतान RTGS के माध्यम से संवेदक के बैंक खाते में जमा कराया जावेगा।
3. किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

## 7. करार एवं प्रतिभूति

1. सफल बोलीदाता को अपने खर्च पर, बोली स्वीकृति की सूचना मिलने के 07 दिवस में निर्धारित प्रारूप में रू. 500/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर करार का निष्पादन करना होगा।
2. सफलतम निविदादाता को 5 प्रतिशत राशि रू0 12,500/– (रूपये बारह हजार पाँच सौ मात्र) प्रतिभूति राशि के रूप में RTPP Rules में निहित पद्धति से किसी अनुसूचित बैंक का बैंक ड्राफ्ट या बैंकर चैक या राष्ट्रीय बचत पत्र या अनुसूचित बैंक की नियत जमा रसीद जमा करवानी होगी।
3. प्रतिभूति राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

## 8. अन्य शर्तें

1. ठेकेदार अपना ठेका किसी अन्य को किसी भी अवस्था में हस्तान्तरण/सबलेट नहीं कर सकेगा।
2. अगर ठेकेदार असंतोषप्रद रूप से तथा/अथवा ठेके के विरूद्ध कार्य करता है तो अनुबन्ध निरस्त करने का अधिकार बोर्ड सचिव को होगा।
3. किसी भी विवाद के लिए अन्तिम निर्णय माननीय अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर का मान्य होगा।
4. अनुबंध की अवधि में काम छोड़ने की स्थिति में अनुबंध की बकाया अवधि में कार्य ठेकेदार की लागत व जोखिम (Risks & Cost) पर कराया जावेगा तथा अधिक भुगतान, यदि कोई, की वसूली ठेकेदार को बोर्ड से देय किसी भी भुगतान में से करने का अधिकार बोर्ड का होगा।
5. उक्त नियमों एवं शर्तों के अतिरिक्त/विपरीत निविदादाता की कोई अन्य शर्त निविदा में लिखी गई तो वह मान्य नहीं होगी अर्थात निविदादाता का किसी भी शर्त पर विचार नहीं किया जावेगा।
6. बोलीदाताओं या उनके प्रतिनिधियों की ओर से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से की जाने वाली किसी सिफारिश के कारण बोली अमान्य की जावेगी।
7. ठेके से संबंधित प्राप्त किसी बोली/बोलियों को बिना कारण अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर को होगा।
8. निविदा के संबंध में अथवा इसके तहत् निष्पादित किए जाने वाले अनुबंध की शर्तो की व्याख्या अथवा अनुबंध से संबंधित किसी भी मामले में यदि कोई विवाद होता है तो इस विवाद पर अध्यक्ष बोर्ड का निर्णय अंतिम एवं संवेदक को मान्य होगा।
9. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 की धारा 7 के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र (बी) में निविदादाता को योग्यता संबंधी घोषणा करनी होगी।
10. निविदादाता द्वारा किसी प्रकार की कोई शर्त/शर्तें मान्य नहीं होंगी।
11. किसी भी प्रकार के न्यायिक विवाद का क्षेत्राधिकार अजमेर होगा।
12. अन्य नियम एवं शर्ते जिनका उल्लेख इसमें नहीं है, के लिए राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 व राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 के प्रावधान लागू माने जावेंगे।
13. बोर्ड द्वारा फोटो स्टेट हेतु उपलब्ध कराये गये सभी दस्तावेजो की सुरक्षा एवं गोपनीयता बनाये रखना होगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील मय मुहर

### निविदादाता द्वारा घोषणा

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि :–

(i) इस निविदा के संबंध में विशिष्ट शर्तो को मेरे/हमारे द्वारा अच्छी तरह से पढ़ व समझ लिया गया है, जिसके प्रमाण स्वरूप इस शर्त प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर दिए गए हैं। मैं/हम इन शर्तो की पालना करने के लिए बचन बद्ध हूँ/हैं।

(ii) इस निविदा के तहत् अनुबंध होने पर निविदा अनुरूप कार्य कराने के लिये मेरे/हमारे नियोजित किये जाने वाले कर्मकारों के किसी भी प्रकार के दायित्वों हेतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर उत्तरदायी नहीं होगा।

(iii) मेरी/हमारी तरफ से कोई अतिरिक्त शर्त नहीं रखी गई है।

यदि यह घोषणा असत्य पाई जाती है तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो की जा सकती हैं, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप से जब्त किया जा सकेगा तथा निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील मय मुहर

# <u>दर अनुसूची</u>

बैंक व शाखा का नाम.......................................... फर्म का नाम व पत्ता..................................................

खाता संख्या .......................................................... दूरभाष नं.....................................................................

**IFSC** कोड नं.: ...................................................... मोबाइल नं.................................................................

पैन कार्ड सं.........................................................

| कार्य का विवरण | प्रति नग दर रूपये | |
|---|---|---|
| | अंकों में | शब्दों में |
| कागज सहित फोटो स्टेट का कार्य :–<br>(01) ए–4 साईज एक तरफ | ............................. | ........................................................... |
| (02) ए–4 साईज दोनों तरफ | ............................. | ........................................................... |
| (03) एफ.एस साईज एक तरफ | ............................. | ........................................................... |
| (04) एफ.एस साईज दोनों तरफ | ............................. | ........................................................... |
| (05) ए–3 साईज एक तरफ | ............................. | ........................................................... |
| (06) ए–3 साईज दोनों तरफ | ............................. | ........................................................... |
| (07) स्पाईरल बाईडिंग (प्रति बाईडिंग दोनों ओर प्लास्टिक कवर सहित की दर दी जावे) | ............................. | ........................................................... |

**उपरोक्त दरें मैंने/हमने संलग्न शर्तों का अध्ययन कर भरी हैं, मुझे/हमें सभी शर्तें स्वीकार हैं।**

दिनांक : ............................

निविदाकार के हस्ताक्षर व सील मय मुहर

# Annexure B: Declaration by the Bidder regarding Qualifications

**Declaration by the Bidder**

In relation to my/our Bid submitted to ..................................for procurement of ............................................in response to their Notice Inviting Bids No.......................Dated....................I/we hereby declare under Section 7 of Rajasthan Transparencey in public Procurement Act,2013,that:

1. I/we possess the necessary professional, techincial, financial and managerial resources and competence required by the Bidding Doucument issued by the Procuring Entity,
2. I/we have fulfilled my/our obligation to pay such of the taxes payable to the Union and the State Government or any local authority as specified in the Bidding Document,
3. I/we are not insolvent, in receivership, bankrupt or being wound up, not have my/our affairs administered by a court or a judicial officer, not have my/our business activities suspended and not the subject of legal proceedings for any of the foregoing reasons,
4. I/we do not have, and our directors and officers not have, been convicted of any criminal offence related to my/our professionl couduct or the making of false statements or misrepresentations as to my/our qualifications to enter into a procurement contract within a period of three years pracading the commencement ot this procurement process, or not have been otherwise disqualified pursuant to debarment proceedings;
5. I/we do not have a conflict of interest as specified in the Act, Rules and the Bidding Document, which materially affects fair competition;

Date:
Place:

Signature of bidder
Name:
Designation:
Address: